Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 5:57 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:54 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 208 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 10 फरवरी 2026



काजोल-अजय देवगन की बेटी...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा का बजट 2026-27 पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित




हल्द्वानी। भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड द्वारा बजट 2026-27 पर चर्चा कार्यक्रम के तहत प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन के निवास पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा जब अनीस गौड़ एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन रहे कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष इसरार हुसैन ने किया कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं ने बजट पर विस्तार से चर्चा की और कार्यकर्ताओं से संवाद भी किया उन्होंने कहा यह बजट संतुलित एवं अल्पसंख्यक हितों में है उन्होंने बताया इस बार अल्पसंख्यक समाज के लिए 3400 करोड़ का प्रावधान है कार्यक्रम में मुख्य रूप प्रदेश महामंत्री महमूद हसन बंजारा प्रदेश उपाध्यक्ष शमशाद हुसैन कुमाऊं संयोजक महबूब अली गढ़वाल संयोजक इसरार अल्वी जिला अध्यक्ष अली नकवी पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जहीर अंसारी, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी युसूफ मालिक ओबीसी आयोग के सदस्य डॉक्टर जेड वारसी हज कमेटी की सदस्य तरन्नुम खान मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अनवर अली खान जिला उपाध्यक्ष फारुख अंसारी जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोहम्मद नाजिम फहीम रिजवी भूरे खान अफजल कुरैशी राजा कमाल शानू खान जियाउद्दीन कुरैशी लाल मोहम्मद शन्नू खान जुबेर आलम आदि उपस्थित रहे

# 15 फरवरी को भारत के खिलाफ ग्रुप मैच खेलेगा पाकिस्तान

मुंबई
एजेंसी



भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट को लेकर बना सियासी और कूटनीतिक गतिरोध आखिरकार टूट गया है। पाकिस्तान सरकार ने सोमवार को आधिकारिक तौर पर एलान कर दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच 15 फरवरी 2026 को आईसीसी मेंस टी20 विश्व कप का ग्रुप मुकाबला खेला जाएगा। यह फैसला इसलिए भी अहम माना जा रहा है क्योंकि इससे पहले पाकिस्तान सरकार भारत के खिलाफ इस मैच के बहिष्कार की घोषणा कर चुकी थी।

दरअसल, पाकिस्तान सरकार ने कुछ दिन पहले कहा था कि उसकी राष्ट्रीय टीम टी20 विश्व कप में हिस्सा लेगी, लेकिन भारत के खिलाफ ग्रुप मैच नहीं खेलेगी। इस फैसले के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और कूटनीतिक हलकों में हलचल मच गई थी। अब सरकार के यू-टर्न ने पूरे मामले को नए सिरे से मोड़ दिया है। पाकिस्तान सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने पूरे घटनाक्रम की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान पीसीबी, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच हुई उच्चस्तरीय बैठकों के नतीजों पर भी चर्चा की गई। सरकारी बयान में बताया गया कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की ओर से पीसीबी को भेजे गए औपचारिक अनुरोधों की समीक्षा की गई। इन अनुरोधों को श्रीलंका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अन्य सदस्य देशों का भी समर्थन प्राप्त था। इन देशों ने पाकिस्तान से मौजूदा गतिरोध को खत्म करने के लिए नेतृत्वकारी भूमिका निभाने की अपील की थी। पाकिस्तान सरकार ने बीसीबी अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम के बयान का हवाला देते हुए कहा कि भाईचारे की भावना के तहत व्यक्त की गई कृतज्ञता को गर्मजोशी से स्वीकार किया गया है। बयान में यह भी दोहराया गया कि पाकिस्तान बांग्लादेश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। इसी बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके के बीच टेलीफोन पर बातचीत भी हुई। दोनों नेताओं ने याद किया कि मुश्किल समय में पाकिस्तान और श्रीलंका हमेशा एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। श्रीलंकाई राष्ट्रपति ने मौजूदा विवाद को सौहार्दपूर्ण और खेल भावना के तहत सुलझाने का आग्रह किया।

संसद में गतिरोध बरकरार

# लोकसभा में नहीं थमा हंगामा कार्यवाही दोपहर तक स्थगित

नई दिल्ली
एजेंसी

संसद के बजट सत्र का आज 10वां दिन है। लोकसभा से आठ सांसदों के निलंबन और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के वक्तव्य को कथित तौर पर रोके जाने के मुद्दे पर सत्तापक्ष और विपक्षी दलों के बीच गतिरोध बरकरार है। लोकसभा में आज भी हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित किए जाने की आशंका है। राज्यसभा में हंगामे के बावजूद कामकाज जारी है।

आरोप लगाया गया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बोलने नहीं दिया जा रहा है। गतिरोध के बीच संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि आम बजट पर चरचा के लिए सरकार तैयार है। सांसदों को बजट पर चर्चा में भाग लेना चाहिए।

संसद में जारी गतिरोध के बीच विपक्षी खेमा अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहा है। समाचार एजेंसी- पीटीआई और एएनआई ने सूत्रों के हवाले से कहा है कि आज स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात के बाद अविश्वास प्रस्ताव पेश किया जा सकता है। लोकसभा में आज भी हंगामा नहीं थमा और सदन की कार्यवाही 12 बजे तक स्थगित कर दी गई। राज्यसभा में हंगामे के बीच कार्यवाही जारी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक विपक्षी सांसद आज ही स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। हालांकि, 9 फरवरी को सूत्रों के हवाले से आई जानकारी में कहा गया था कि बजट सत्र के दूसरे चरण में अविश्वास प्रस्ताव लाया जाएगा।



### हंगामे पर रिजिजू ने पोस्ट किया विस्फोटक वीडियो

संसद में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जारी गतिरोध गहराता जा रहा है। राहुल गांधी के सदन में न बोलने देने का आरोप लगाकर विपक्ष हंगामा कर रहा है और अब सत्ता पक्ष ने सदन में विपक्षी सांसदों के आक्रामक व्यवहार का मुद्दा बना लिया है। केंद्रीय संसदीय मंत्री किरेन रिजिजू के ताजा बयान से तो ऐसा लगता है कि बीती 4 फरवरी को लोकसभा में काफी उग्र माहौल था। रिजिजू ने दावा किया कि उन्हें अपने सांसदों को विपक्षी सांसदों के साथ धक्का-मुक्की न करने को कहना पड़ा था।

# मथुरा में एक ही परिवार के पांच लोगों ने खाया जहर सामूहिक आत्महत्या से सनसनी

मथुरा
एजेंसी

मथुरा के महावन क्षेत्र में एक ही परिवार के पांच लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। तहसील महावन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खप्पर पुर की ये घटना है। यहां के रहने वाले 35 वर्षीय किसान मनीष, उनकी पत्नी सीमा, दो बेटियां हनी और प्रियांशी और दो वर्षीय बेटे पंकज का शव मिला। आत्महत्या से पहले सुसाइड नोट भी लिखा गया। बताया गया है कि मनीष की शादी आठ साल पहले मड़नई सादाबाद से हुई थी। मनीष के दो भाई और हैं, जो गांव में ही अलग-अलग घरों में रहते हैं। मनीष अपनी पत्नी और बच्चों के साथ इस मकान में रहता था।

### कारण स्पष्ट नहीं

इस परिवार के आत्महत्या के पीछे की आखिर वजह क्या रही, ये फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस जांच में जुटी हुई है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### दीवार पर लिखे ये शब्द

घर के अंदर परिवार के सभी लोगों की लाशें मिलीं हैं। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया। पुलिस के अनुसार घर के अंदर दीवार पर लिखा है कि अपनी इच्छा से आत्महत्या कर रहा हूं।




# स्कूल गेट बना रणभूमि, इंटर कॉलेज में छात्रों के दो गुट भिड़े

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा स्थित एक इंटर कॉलेज उस वक्त अखाड़े में तब्दील हो गया, जब छात्रों के दो गुटों के बीच मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। देखते ही देखते स्कूल गेट पर जमकर मारपीट शुरू हो गई। इसी बीच एक छात्र ने आपा खोते हुए दूसरे छात्र के सिर पर पेपर कटर से हमला कर दिया, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना में घायल छात्र के सिर पर गहरा घाव हो गया, जिसे इलाज के दौरान 12 टांके लगाने पड़े। वहीं हमला करने वाला छात्र भी हाथ में चोट लगने से घायल हो गया। झगड़े के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस के अनुसार, छठी कक्षा के एक छात्र का स्कूल के ही अन्य छात्रों से विवाद चल रहा था। सोमवार को छुट्टी के बाद जैसे ही छात्र स्कूल गेट पर पहुंचे, दोनों गुट आमने-सामने आ गए और बात हाथापाई तक पहुंच गई। इसी दौरान छठी कक्षा के छात्र ने आठवीं कक्षा के छात्र के सिर में पेपर कटर घोंप दिया। घटना के तुरंत बाद दोनों घायल छात्रों को बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार किया गया। गनीमत रही कि समय रहते इलाज मिल गया, वरना मामला और गंभीर हो सकता था। बाद में विद्यालय प्रबंधन और दोनों पक्षों के अभिभावकों के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद आपसी समझौता हो गया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले पर नजर बनाए हुए है।

# गिरावट: चांदी रुपए 2600 तक टूटी, सोना रुपए 960 सस्ता

मुंबई
एजेंसी



मंगलवार को दो सत्रों की तेजी के बाद सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। सोने 960 रुपये सस्ता होकर 1.57 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं चांदी की कीमत 2640 रुपये गिरकर 2.61 लाख प्रति किलो पर पहुंच गई।

अमेरिकी डॉलर के एक हफ्ते से ज्यादा के निचले स्तर से उबरने के कारण कीमती धातुओं पर दबाव बना। निवेशक इस सप्ताह जारी होने वाले अहम अमेरिकी रोजगार और महंगाई के आंकड़ों का इंतजार कर रहे हैं, ताकि ब्याज दरों की दिशा को लेकर संकेत मिल सकें। स्पॉट गोल्ड की कीमत 1प्रतिशत गिरकर 5,016.56 डॉलर प्रति औंस पर आ गई। इससे पहले, डॉलर में कमजोरी के चलते सोना पिछले सत्र में 2प्रतिशत चढ़ा था। 29 जनवरी को सोने ने 5,594.82 डॉलर प्रति औंस का रिकॉर्ड उच्च स्तर छुआ था। वहीं, अप्रैल डिलीवरी के लिए अमेरिकी गोल्ड फ्यूचर्स 0.8प्रतिशत गिरकर 5,041.60 डॉलर प्रति औंस पर रहे। चांदी की कीमतों में भी तेज गिरावट देखने को मिली। स्पॉट सिल्वर 2.5प्रतिशत टूटकर 81.31 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जबकि पिछले सत्र में इसमें करीब 7प्रतिशत की तेजी आई थी। 29 जनवरी को चांदी 121.64 डॉलर प्रति औंस के ऑल-टाइम हाई पर पहुंची थी। सर्राफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 6.66 प्रतिशत उछलकर 2.72 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। इसी तरह 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में भी 1,300 रुपये की बढ़ोतरी हुई और यह 1.58 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया।

घरेलू बाजार में सोमवार को सोना और चांदी की कीमतों में मजबूती देखी गई। एमसीएक्स पर अप्रैल फ्यूचर्स के लिए एमसीएक्स गोल्ड 2,943 रुपये या 1.89प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,58,394 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, मार्च फ्यूचर्स के लिए एमसीएक्स सिल्वर 12,853 रुपये या 5.14प्रतिशत चढ़कर 2,62,745 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बंद हुआ था।

# कैंची धाम बाईपास में हर हाल में जून तक हो जाए यातायात शुरू

नैनीतालर

हमारे संवाददाता

सूबे के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज द्वारा सोमवार को नैनीताल जिले के भीमताल स्थित विकास भवन पहुंचकर लोक निर्माण विभाग की 9 करोड़ 45 लाख 99 हजार की लागत वाली 04 योजनाओं का शिलान्यास किया गया जबकि लोक निर्माण विभाग की ही 3 करोड़ 12 लाख 13 हजार की एक योजना का लोकार्पण किया गया।



उन्होंने कहा कि प्रदेश में पंचायतों को सशक्त करने के लिए 73वें संविधान संशोधन के तहत 11वीं अनुसूची में वर्णित 29 विषयों के हस्तांतरण हेतु कार्यवाही की जा रही है। प्रदेश के समस्त जनपदों में नये पंचायत भवनों का निर्माण एवं पुराने पंचायत भवनों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य में सड़कों की कनेटिविटी पर विशेष ध्यान दे रही है। अभी तक 14 हजार 27 नये गाँवों को सड़क मार्ग प्रदान कर राष्ट्र की मुखय धारा से जोड़कर गाँवों के विकास के लिये सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कार्य किया गया है।

उन्होंने कहा कि दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास (होम स्टे) विकास योजना के अंतर्गत अब तक 5 हजार से अधिक होम स्टे पंजीकृत किये जा चुके हैं। जबकि 1118 लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं।

इसके बाद कैबीनेट मंत्री सतपाल महाराज ने विकास भवन सभागार पहुँचकर जन संवाद किया तथा जनपद में चल रहे विकास कार्यों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कैंची धाम आने वाले श्रद्धालुओं तथा पर्यटकों की यात्रा को सरल व सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए कैंचीधाम बायपास निर्माण कार्य 15 जून तक पूर्ण कर लिया जाये। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि बायपास में 75 मीटर स्पान के बन रहे पुल में विलंब होने की संभावना होने पर अस्थायी रूप से वैलीब्रिज की व्यवस्था करते हुए 15 जून तक हर हाल में बायपास रोड शुरू करने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अभियन्ताओं को दिये।

उन्होंने भीमताल के डुंगसील पहाड़ी से हो रहे भू-कटाव को रोकने के लिए प्रस्ताव तैयार करने तथा झीलों व नदियों तथा तालाबों में जमा गाद सिल्ट आदि को हटाने एवं नदियों को साइंटिफिक तरीके से व आसानी से चैनलाइज करने के लिए आधुनिकतम मशीन खरीदने का प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अभियन्ताओं को दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि संचालित होम स्टे में स्वच्छ शौचालय हों तथा सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। उन्होंने कहा कि होम स्टे योजना के अन्तर्गत कमरों की संखया बढ़ाने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। बैठक में विधायक सरिता आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दर्मवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट आदि द्वारा विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं से अवगत कराते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिये बैठक में मुखय विकावस अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डे, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि तथा विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित थे।



## कूड़ा फैंकने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करें

सार्वजनिक स्थलों पर नैनीताल । कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पंचायतीराज विभाग के अफसरों को निर्देश दिये कि गांव से लेकर मुखयालय तक कूड़े का निस्तारण प्रोपर होना चाहिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कूड़ा निस्तारण हेतु कॉपिटर्स का भी उपयोग किया जाये तथा स्वच्छता हेतु जन सहयोग लिया जाये और सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फैंकने वालों के खिलाफ सखती से कार्यवाही अमल में लाई जाये।

## सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव जल्द भेजे शासन को

सूबे के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने लोनिवि के अफसरों को निर्देश दिए कि वह नैनीताल जिले की सड़कों पर दिन प्रतिदिन बढ़ रहे यातायात के दबाव को देखते हुए निर्देश दिये कि महत्वपूर्ण सड़कों के चौड़ीकरण हेतु प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर शासन में मुहैया कराना सुनिश्चित करें तथा सड़कों पर दौड़ रहे भारी वाहनों के अनुरूप ही सड़कों का निर्माण किया जाये ताकि अधिक दबाव के कारण सड़कों जल्दी खराब न हों और हॉटमिस कार्य में गुणवत्ता विशेष ध्यान दिया जाये।

**होम स्टे से सूबे में 1118 लोगों को मिला लाभः** कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि प्रदेश में दीन दयाल उपाध्याय गृह आवास (होम स्टे)विकास योजना के अंतर्गत अब तक 5 हजार से अधिक होम स्टे पंजीकृत किये जा चुके हैं जबकि 1118 लोग इस योजना का लाभ उठा चुके हैं।



# छात्रवृत्ति हेतु मौजूद आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन हुआ पूर्ण

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देशों के क्रम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में डीएसबी परिसर नैनीताल और कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल में अध्ययनरत छात्र- छात्राओं द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर छात्रवृत्ति योजनाओं हेतु किए गए ऑनलाइन आवेदन पत्रों में से डीएसबी परिसर में उन्हें मुहैया कराए गए सभी आवेदन पत्रों का भौतिक सत्यापन का कार्य पूर्ण कर भौतिक सत्यापन रिपोर्ट जिला अधिकारी कार्यालय नैनीताल और जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल को मुहैया करा दी गई है।

बता दें इसी भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति धनराशि का भुगतान किया जाना है । सत्यापन कार्य एआर ओ सुरेन्द्र सिंह बिष्ट और पूर्ति निरीक्षक गौरव जोशी के द्वारा किया गया। इस कार्य में डी एस बी परिसर नैनीताल की ओर से डा. राजेश्वर ने सहयोग किया गया ।

# पर्यटन सीजन से पूर्व प्रशासन की ओर से चलेगा अभियान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल शहर में संडक तथा फुटपाथ पर कबजा करने वालों और नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ जल्द ही कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।प्रशासन की ओर से पुलिस, पालिका, खाद्य सुरक्षा विभाग व डीडीए, संभागीय परिवहन विभाग व अन्य विभागों की संयुक्त टीम बनाकर जल्द ही अभियान चलाया जाएगा।

बता दें कि नैनीताल में नैनीताल में हाईकोर्ट, कमिश्नरी, आईजी कार्यालय, डीमए कार्यालय व एसएसपी कार्यालय होने के बावजूद यहां नियमों को ताक में रखा जा रहा है। नगर की सड़कों में प्रतिबंधित वाहनों की पार्किंग, बिना लाईफ जैकेट हो रहा नौकायन तथा मनाही के बाद भी जीवनदायिनी नैनी झील में हाथ से खाद्य सामग्री डालना, पुलिस के सामने ही यातायात नियमों का उलंघन, पंत पार्क व मॉलरोड पर फ ड़ कारोबारियों का अवैध कबजा, बिना सत्यापन घूम रहे कबाड़ी व भिक्षुक तथा खुले में नियमों के विरूद्ध खाद्य सामग्री बेचना, नगर के फुटपाथों पर लोगों कबजा आम बात हो गई है लेकिन जिला प्रशासन, पुलिस व पालिका के अधिकारी इन बातों से नजरें फेरते नजर आ रहे हैं, जिसके चलते लोग खुलेआम निडर होकर नियमों का उलंघन कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ प्रशासन की ओर से पर्यटन सीजन से पूर्व अभियान चलाकर नियमों को ताक में रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की योजना बनाई जा रही है।

मामले में एसडीएम नवाजिश खलिक ने बताया कि पालिका, खाद्य सुरक्षा विभाग, संभागीय परिवहन विभाग, प्राधिकरण और पुलिस के साथ मिलकर जल्द ही एक अभियान चलाया जाएगा। नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ कार्यवाई करने के साथ ही विभागों की जिममेदारी भी तय की जाएगी ताकि पर्यटन सीजन से पहले ही व्यवस्थाओं में सुधार हो सके।

## NEWS / फटाफट

### एंबुलेंस में हुआ कैंची धाम क्षेत्र में महिला का सामान्य प्रसव

**नैनीताल** । नैनीताल जिले के पवित्र कैंची धाम क्षेत्र में डिलीवरी के लिए अस्पताल लाई जा रही महिला की एबुलेंस जाम में फं स गई। एबुलेंस कर्मियों ने सूझबूझ दिखाते हुए एबुलेंस में ही महिला की सफल डिलीवरी कार्रवाई, फिलहाल जच्चा बच्चा को राजकीय बीडी पांडे अस्पताल नैनीताल में भर्ती किया गया है। जानकारी के अनुसार कैंची धाम निवासी सुरजीत सिंह की पत्नी कविता को सोमवार की सुबह डिलीवरी पेन उठा। तत्काल स्वजनों ने आशा कार्यकर्ता के साथ ही 108 को सूचित किया। घर दूर होने के कारण स्वजन किसी तरह उसे सड? तक लेकर पहुंचे। इस बीच भवाली से 108 भी पहुंच गई लेकिन वापसी में एंबुलेंस लंबे जाम में फंस गई। एबुलेंस में तैनात टेनीशियन सुनील बिष्ट ने आशा कार्यकर्ता भगवती देवी की मदद से जाम में फंसी एंबुलेंस में ही महिला की सफल डिलीवरी कार्रवाई। महिला ने करीब तीन किलो के स्वास्थ्य बेटे को जन्म दिया। एहतियात के तौर पर दिनों को नैनीताल बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाकर भर्ती किया गया है।


### जिला अस्पताल में 1661 मरीजों ने कराया आयुष्मान योजना के तहत फ्री इलाज




**नैनीताल** । नैनीताल स्थित राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल में बीते एक साल में 1 लाख 17 हजार से ज्यादा मरीज उपचार के लिए पहुंचे। वर्ष भर में अस्पताल में इलाज के लिए 29400 मरीज भर्ती हुएए जिसमें से 1661 मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज मिला। बता दें कि नगर के जिला अस्पताल में नैनीताल समेत खुर्पाताल, ज्योलीकोट, भवाली, भीमताल, धारी, ओखलकांडा व पंगोट व बेतालघाट क्षेत्र से हर साल एक लाख से ज्यादा मरीज उपचार के लिए आते हैं जिनको डाकटर की सलाह पर दवाएं दी जाती हैं या भर्ती कर उपचार दिया जाता है। जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. टी.के. टमटा ने बताया कि वर्ष 2025 में भी अस्पताल में 1 लाख 17 हजार 437 मरीज अस्पताल उपचार के लिए पहुंचे, जिसमें अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की संखया 2940 थी। बताया कि आयुष्मान के तहत 1661 लोगों का अस्पताल में मुफ्त उपचार किया गया है। इसके साथ ही अस्पताल में 8000 मरीजों के आयुष्मान कार्ड भी बनाये गए हैं ताकि अस्पताल में भर्ती मरीजों को आयुष्मान के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा मिल सके।

### सीडीओ ने बोर्ड परीक्षा के मद्देजनर किया केंद्रीय विद्यालय भीमताल का दौरा

**नैनीताल** । नैनीताल जिले में आगामी बोर्ड परीक्षा के मद्देनजर परीक्षार्थियों के मनोबल को बढ़ाए जाने के उद्देश्य को लेकर मुखय विकास अधिकारी अरविंद कुमार पाण्डे ने सोमवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय भीमताल का दौरा किया और बोर्ड परीक्षार्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए टिप्स दिए। उन्होंने छात्रों को समय प्रबंधन, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन और अभ्यास करने के लिए भी प्रोत्साहित किया उन्होंने परीक्षार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वह बिना किसी तनाव से परीक्षा दें। इस दौरान पोष्टिक भोजन करें इस दौरान जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी सहित विद्यालय के प्रधानाचार्य आदि भी उपस्थित रहे।



## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# तेज रफ्तार कार ने महिला को मारी टक्कर, हालत गंभीर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

चोरगलिया थाना चोरगलिया क्षेत्र के अंतर्गत जसपुर खोलिया-दानीबंगर मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। दिनांक 08 नवंबर की शाम लगभग 06 बजे, दूध डेयरी की ओर पैदल जा रही एक महिला को तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

ग्राम जसपुर खोलिया निवासी संगीता पत्नी नारायण दत्त अपनी पुत्री पूजा कबडवाल के साथ पैदल जा रही थीं। जैसे ही वे खोलिया बंगर के पास पहुँचीं, तभी सामने से आ रही कार संख्या यू के07एस-0331 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए श्रीमती संगीता को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि महिला के सिर, मुंह और पैर में गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायल महिला को परिजन तत्काल सुशीला तिवारी अस्पताल, ले गए, जहां से हालत गंभीर देखते हुए उन्हें कृष्णा अस्पताल, रेफर किया गया।

चिकित्सकों द्वारा उन्हें आई सी यू में भर्ती कर इलाज किया गया, जहां उनके सिर में 22 टांके लगाए गए। वर्तमान में महिला का उपचार जारी है और हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़िता की पुत्री पूजा कबडवाल ने बताया कि वह लगातार अपनी माता के इलाज में व्यस्त रहने के कारण देर से थाने पहुंच सकी।

अब उन्होंने थाना चोरगलिया में तहरीर देकर फरार कार चालक के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है तथा आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

## रोटरी कलब नैनीताल ने पब्लिक इमेज प्रतियोगिता में जीते तीन अवार्ड

**नैनीताल।** उत्तर प्रदेश के आगरा में बीते रविवार को आयोजित रोटरी मंडल 3110 के पबलिक इमेज सेमिनार के दौरान रोटरी कलब नैनीताल ने तीन अवाड्र्स जीत कर अपना परचम लहराया।

बता दें रोटरी कलब ऑफ आगरा रॉयल ने डिस्ट्रिक 31100 की एक वृहद सेमिनार को खेलगांव में आयोजित किया गया जिसमें डिस्ट्रिक गवर्नर राजन विद्यार्थी, नीरव निमेष, प्रो. वेद त्रिपाठी ने पबलिक इमेज पर अपने विचार साझा किए। बेस्ट फ ोटो, बेस्ट वीडियो व बेस्ट होर्डिंग प्रतियोगिताओं में डिस्ट्रिक के विभिन्न कलबों ने सहभागिता की।

अर्पण भार्गव आगरा नगर के युवा फोटोग्राफर ने निर्णय के साथ कई सुझाव साझा किए। डिस्ट्रिक पीआईसी विक्रम सियाल ने कहा कि सेवा को याद में विचारों में व व्यवहारों में लाना चाहिए।

# अभिमत

## समान नीति की जरूरत

*देश के अनेक राज्यों में वन क्षेत्र में सड़क निर्माण, पेड़ काटने और वन भूमि का अतिक्रमण करके भवन, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, आवासीय कालोनियां विकसित करने पर प्रतिबंध है, लेकिन राज्य सरकारों की अलग-अलग नीति के कारण वन्यजीव, पेड़ और वन भूमि की सुरक्षा नहीं हो पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के बाघ अभयारण्य जिम कार्बेट पार्क के मामले में सख्त टिप्पणी की और अभयारण्यों की सुरक्षा के लिए एक समान नीति बनाने का आदेश दिया है।*

वन्यजीव संरक्षण को लेकर अभयारण्य क्षेत्र घोषित किये गये। वन अधिनियम में वन्यजीवों के शिकार पर दंड का प्रावधान है। देश के अनेक राज्यों में वन क्षेत्र में सड़क निर्माण, पेड़ काटने और वन भूमि का अतिक्रमण करके भवन, व्यावसायिक प्रतिष्ठान, आवासीय कालोनियां विकसित करने पर प्रतिबंध है, लेकिन राज्य सरकारों की अलग-अलग नीति के कारण वन्यजीव, पेड़ और वन भूमि की सुरक्षा नहीं हो पा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड के बाघ अभयारण्य जिम कार्बेट पार्क के संबंध में सख्त टिप्पणी की है और अभयारण्यों की सुरक्षा के लिए एक समान नीति बनाने का आदेश दिया है और ऐसा नहीं करने पर मुख्य सचिव को तलब करने की चेतावनी दी है। देश के हिमालयी राज्यों और कुछ मैदानी प्रदेशों में वन क्षेत्र है। अलग-अलग वन क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के वन्यजीव रहते हैं। उत्तराखंड का जिम कार्बेट टाइगर रिजर्व पार्क घोषित किया गया है। टाइगर के अलावा अन्य वन्यजीव भी हैं। उत्तराखंड में राजाजी पार्क है। वहां हाथी और कई अन्य वन्यजीवों की संख्या अधिक है। बर्फ से अच्छादित उच्च हिमालयी क्षेत्र में अलग प्रजाति के जीव रहते हैं। वन्यजीवों के संरक्षण के लिए वन क्षेत्र की सीमा निर्धारित कर अभयारण्य में मानव गतिविधियां प्रतिबंधित की गई हैं। अभयारण्य में सड़क और भवन आदि का निर्माण वर्जित है, जिससे वन्यजीव स्वच्छंद विचरण कर सकें। कुछ वर्षों से माफिया सक्रिय हो गये हैं। वन्यजीवों की खाल, दांत तथा अन्य अंगों की तस्करी करने वाले वन्यजीवों का अवैध रूप से शिकार करते हैं। लकड़ी माफिया पेड़ काट कर हरियाली खत्म करने पर तुले हुए हैं। भूमि माफिया वन क्षेत्र में अतिक्रमण करके होटल, रिसॉर्ट्स, व्यावसायिक प्रतिष्ठान और आवासीय कालोनियां बना रहे हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की बिना स्वीकृति के सरकार सड़क बना रही है। वन क्षेत्र में मानव की दखलंदाजी से वन्यजीव हिंसक हो रहे हैं और मानव पर हमले कर रहे हैं। हिंसक होने पर वन्यजीवों को मारने के लिए शिकारी बुलाये जाते हैं और वन्यजीवों को एकतरफा दोषी ठहराते हुए मार डाला जाता है। वनों में विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष तथा जड़ी-बूटी के पौधे अमूल्य हैं। पर्यावरण संतुलन में हरे-भरे पेड़ों का महत्वपूर्ण योगदान है। वन्यजीव भी प्रकृति की देन हैं और मानव के लिए उपयोगी हैं, इसलिए अभयारण्यों के मामले में सभी राज्यों के लिए समान नीति होनी चाहिए।

# अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता




मेरा युवा भारत नैनीताल (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) द्वारा पांच दिवसीय अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को यूजीसी मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र नैनीताल में किया गया।

बता दें कार्यक्रम में अतिथि राज्य बिहार के मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पटना व वैशाली एवं बेगूसराय से 7-7 युवा एवं दो ग्रुप लीडर मुजफ्फरपुर से चंदन एवं वैशाली से श्वेता समेत कुल 37 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में अतिथि पालिकाध्यक्ष डॉ सरस्वती खेतवाल तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह बिष्ट द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में राजकीय पॉलीटेनिक नैनीताल की छात्राओं ने कुमाऊं संस्कृति की प्रस्तुति देते हुए नृत्य प्रस्तुत किया।

पालिकाध्यक्ष डा.खेतवाल ने कहा कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा युवा आदान प्रदान कार्यक्रम का देश के युवाओं को मुखय धारा से जोडने में काफी महत्व है, इन्हीं कार्यक्रमों से युवाओं को भारत देश की अनेकता में एकता का संदेश मिलेगा तथा वे भारत के विभिन्न क्षेत्रों के संस्कृति से रूबरू हो पाएंगे। उन्होंने घोषणा की कि 12 फरवरी (बीरवार) को नैनीताल की नैनी झील में निश्शुल्क नौकायन सुविधा प्रतिभागियों को मिलेगी। कुविवि के कुलपति प्रो.रावत ने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विश्व के प्राचीनतम विश्वविद्यालयों नालंदा और तक्षशिला का उल्लेख करते हुए बताया कि प्राचीन काल में भारत सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक रूप से अत्यंत समृद्ध था और हमें अपने गौरवशाली इतिहास को सदैव स्मरण रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा देश है और इस युवा शक्ति का सही उपयोग कर हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। अंत में उन्होंने प्रतिभागियों को डीएसबी परिसर स्थित संग्रहालय का भ्रमण करने की सलाह दी।

कार्यक्रम के आयोजक मेरा युवा भारत नैनीताल उप निदेशक अधिकारी डॉल्वी तेवतिया ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभाओं का स्वागत करते हुए पांच दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा अतिथियों के सामने प्रस्तुत की और सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए, कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में पुष्कर दानू कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के प्रथम सत्र में महिला शक्ति स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष सुनीता आर्य एवं रेणु कोहली जी द्वारा उत्तराखंड के सांस्कृतिक दारोहर एवं ऐपण के बारे में विस्तार से बताया गया और साथ ही गेरू एवं बिसवार से लक्ष्मी चौकी बना कर भी दिखाई। कार्यक्रम में आरती व अजय आदि का विशेष सहयोग रहा।

## रुद्रपुर में राजमिस्त्री कमरे में फंदे से लटका मिला, मृत्यु

रुद्रपुर। चौकी आवास विकास क्षेत्र में किराए पर रहने वाला राजमिस्त्री कमरे में फंदे पर लटका देख परिजनों के होश उड़ गए। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। तभी सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कारंवाई के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक

मूलरूप से कांठ मुरादाबाद यूपी निवासी 30 वर्षीय आशु कुमार पुत्र लक्ष्मण कुमार राजमिस्त्री का काम करता था। वह पत्नी और चार बच्चों के साथ जगतपुरा में किराए में रहता था। इसी बीच आशु कुमार ने कमरे में फंदा बनाया और उसमें लटक गया। जिससे उसकी मौत हो गई। पति को कमरे में लटका देखकर पत्नी लक्ष्मी के होश उड़ गए। परिजनों के शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्र हुए और शव को फंदे से नीचे उतारा। आसपास के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर एसएसआइ ट्रांजिट कैंप कोतवाली महेश कांडपाल पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली।

# मेरा पौधा- मेरा परिवार के तहत बच्चों को पौधरोपण से जोड़ा




**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 574वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 574वे दिन पौधारोपण को विद्यालयों से जोडने के कार्यक्रम मेरा पौधा मेरा परिवार के तहत डीडीहाट के विद्यासागर पबलिक स्कूल के गुरुजनों तथा छात्र छात्राओं को पौधा रोपण अभियान से जोड़ते हुए पौधे वितरित किए गए। दिनेश गुरु रानी द्वारा गुरुजनो व छात्र.छात्राओं को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई।

पौधारोपण अभियान के तहत आज विद्यासागर पबलिक स्कूल के प्रबंधक प्रधानाचार्य रेनू भंडारी कार्की का जन्मदिन भी पौधारोपण के साथ मनाया गया। रेनू भंडारी कार्की ने कहा कि वह सौभाग्यशाली हैं कि उनका जन्मदिन आज पौधारोपण के साथ मनाया जा रहा है।उन्होंने पौधारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि इस अभियान से छात्र.छात्राओं को जोडना सराहनीय है।

अब प्रत्येक छात्र.छात्रा का कर्तव्य बन जाता है कि वह पौधे का संरक्षण करें। कार्यक्रम में उद्यान विभाग डीडीहाट द्वारा 5000 पौधे वितरित किए गए। गुरुरानी ने कहा कि छात्र.छात्राए इन पौधों का वृक्ष बनने तक संरक्षण करेंगे।

## फिल्मी दुनिया

# ओरी के साथ आउटिंग पर निकलीं काजोल-अजय देवगन की बेटी न्यासा




*ओरी उर्फ ओरहान अवात्रामणि बेशक फिल्मी दुनिया में एक्टिव नहीं हैं। मगर, कई स्टारकिड्स उनके अच्छे दोस्त हैं। हाल ही में ओरी को अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा के साथ देखा गया।*

*सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ओरी फिल्मों में काम नहीं करते, मगर बी-टाउन के हर इवेंट और पार्टी में नजर आते हैं। कई फिल्मी सितारों के साथ उनकी अच्छी बॉन्डिंग है। कई स्टारकिड्स उनके अच्छे दोस्त हैं और अक्सर ओरी उनके साथ पार्टी करते दिखते हैं। हाल ही में ओरी को काजोल-अजय देवगन की बेटी न्यासा के साथ आउटिंग पर देखा गया। न्यासा देवगन और ओरी काफी अच्छे दोस्त हैं। कई बार दोनों को दोस्तों के साथ पार्टी करते और साथ घूमते देखा जाता है। एक बार फिर न्यासा और ओरी एक साथ नजर आए। दोनों एक रेस्टोरेंट से साथ बाहर आते देखे गए। हालांकि, पैपराजी को दोनों ने इग्नोर किया और आगे बढ़ गए। न्यासा ब्लैक कलर के आउटफिट में नजर आईं। बीते वर्ष अक्तूबर में न्यासा और ओरी ने एक फोटोशूट कराया। यह दरअसल 1996 के एक बेहद बोल्ड शूट का ही रिक्रिएशन था, जो तब काजोल और रेखा ने कराया था। ओरी और न्यासा ने यह फोटोशूट हैलोवीन से पहले मजाकिया अंदाज में कराया था। न्यासा जहां अपनी मां काजोल की जगह पोज देती दिखी थीं, वहीं ओरी ने दिग्गज एक्ट्रेस रेखा की जगह पोज दिए थे।*

### न्यासा देवगन की पढ़ाई

*ओरी और न्यासा के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग है। दोनों को कई मौकों पर साथ देखा गया है। सोशल मीडिया पर इनकी फोटोज अक्सर वायरल होती हैं। बता दें कि न्यासा देवगन का जन्म, 20 अप्रैल 2003 को हुआ। उन्होंने इंटरनेशनल हॉस्पिटैलिटी और लग्जरी ब्रांड स्ट्रैटेजी में बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की डिग्री ली है।*

# बनभूलपुरा पुलिस की रहस्यमयी चुप्पी, अवैध टैंपो, सट्टा और नशे का गढ़ बना ताज चौराहा

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

बनभूलपुरा क्षेत्र आज अव्यवस्था, अराजकता और प्रशासनिक लापरवाही का जीता-जागता उदाहरण बन चुका है। अवैध रूप से संचालित टैंपो और ई-रिक्शा ने ताज चौराहे को जाम का स्थायी अड्डा बना दिया है, लेकिन हैरानी की बात यह है कि बनभूलपुरा पुलिस पूरी तरह लिफ्ट मोड में नजर आ रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बनभूलपुर से सितारगंज जाने वाली बसें, गोलापुल की ओर जाने वाले टेंपो और घास मंडी व ताज चौराहे से काठगोदाम की तरफ जाने वाले टेंपो बिना किसी स्टैंड, बिना किसी नियम और बिना किसी डर के सड़क पर मनमानी करते हैं। नतीजा दिनभर जाम, अफरा-तफरी और आम जनता की दुर्दशा।

सवाल यह नहीं कि जाम क्यों है, सवाल यह है कि पुलिस कहाँ है? न तो तय स्टैंड है, न यातायात नियमों का पालन, और न ही पुलिस की कोई सख्त कार्रवाई। छात्र परीक्षा केंद्रों तक नहीं पहुंच पा रहे, मरीज अस्पताल पहुंचने से पहले ही जाम में दम तोड़ने की कगार पर हैं और नौकरीपेशा लोग रोज़ाना घंटों सड़क पर फंसे रहने को मजबूर हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शिकायतें कई बार की गई, लेकिन हर बार नतीजा शून्य रहा। इससे यह संदेह और गहरा होता जा रहा है कि क्या अवैध टैंपो संचालकों को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है?

क्या सट्टे और नशीले पदार्थों के नेटवर्क की तरह यहां भी सेटिंग काम कर रही है?

बड़े हादसे का इंतज़ार क्यों? जनता का गुस्सा अब सवालों में बदल चुका है। लोगों का कहना है कि अगर इसी तरह आंखें मूंदे रखी गई, तो किसी दिन बड़ा हादसा तय है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पुलिस और प्रशासन की होगी। जनता की साफ और सीधी मांग अवैध टैंपो संचालन पर तत्काल और सख्त रोक ताज चौराहे पर स्थायी और प्रभावी यातायात व्यवस्था। लापरवाह पुलिस अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए अब देखना यह है कि बनभूलपुरा पुलिस और प्रशासन कब तक चुप्पी साधे रहेगा, और कब जनता की परेशानी को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई करेगा—या फिर किसी हादसे के बाद ही नींद खुलेगी।

News कॉर्नर

## जिले भर के वकील कल को करेंगे प्रदर्शनःरूबाली

नैनीताल । जिला बार एसोसिएशन के महासचिव दीपक रुबाली के मुताबिक राजस्व अदालतों में चल रही अनियमितताओं के समाधान के लिए प्रशासन की ओर से लिखित रुप में शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं करने के विरोध में 11 फरवरी (बुधवार) को नैनीताल समेत जिलेभर के अन्य अदालतों के अधिवकता प्रदर्शन करेंगे। रुबाली के मुताबिक मामले में एसोसिएशन ने इस आशय का पत्र कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को दे दिया गया है। कहा कि 11 फरवरी के आंदोलन के बाद भी कार्रवाई नहीं होती हैं तो फिर 23 फरवरी (सोमवार) से एसोसिएशन के बैनर तले बेमियादी आंदोलन शुरु किया जाएगा।

# हाईकोर्ट में नए मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता का हुआ स्वागत सम्मान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट के नए मुखय न्यायधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता के स्वागत सममान में सोमवार को हाईकोर्ट में फुल कोर्ट रेफ रेंस का आयोजन किया ।

इस मौके पर हाईकोर्ट के 15वें मुखय न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि त्वरित न्याय प्रदान करना और न्यायिक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व तकनीक अनुकूल बनाना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट का मुखय न्यायधीश बनना उनके लिये सममान की बात है । कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अपने 25 साल की यात्रा में कई महत्वपूर्ण



निर्णय दिए हैं और देश भर के उच्च न्यायालयों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है ।उन्होंने हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं से अपील की कि वे न्याय की गरिमा बनाए रखने और वादकारियों को सुलभ न्याय दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। न्यायमूर्ति गुप्ता ने कहा कि अधिवक्ताओं व हाईकोर्ट स्टाफ की समस्याएं उन्हें बताई गई हैं जिनका समाधान किया जाएगा। इससे पूर्व समारोह की शुरुआत में प्रदेश के महाधिवक्ता एस एन बाबुलकर ने मुखय न्यायाधीश का औपचारिक अभिनंदन किया। अपने स्वागत भाषण में उन्होंने न्यायमूर्ति गुप्ता के सुदीर्घ न्यायिक अनुभव और कानून की गहरी समझ की सराहना की। इसके बाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश चंद्र सिंह रावत ने बार के सभी सदस्यों की ओर से उनका स्वागत किया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में उत्तराखंड की न्यायिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी ने भी मुखय न्यायाधीश का परिचय देते हुए उनके आगमन को राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण कामयाबी बताया। समारोह में चीफ स्टैंडिंग काउंसिल चंद्र शेखर सिंह रावत, बार एसोसिएशन के महासचिव सौरभ अधिकारी समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिवक्ता व अन्य अधिवक्ता, जिला न्यायाधीश नैनीताल प्रशांत जोशी समेत कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत, नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टीसी सहित बड़ी संखया में न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे ।

# स्पा सेंटरों पर औचक कार्रवाई, हड़कंप

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसएसपी के निर्देशानुसार ऊधम सिंह नगर पुलिस लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। इसी कार्रवाई के चलते सोमवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्य के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पंतनगर क्षेत्र मेट्रोपोलिस मॉल स्थित विभिन्न स्पा सेंटरों को औचक निरीक्षण किया। अचानक स्पा सेंटरों पर पुलिस को देख हड़कंप मच गया। कई स्पा सेंटर पुलिस को देख भाग लिए। यूनिट ने इस कार्रवाई 10 से अधिक स्पा सेंटरों पर कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक 10 से अधिक स्पा सेंटर बिना वैध अनुमति एवं निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित पाए गए।

मौके पर ही संबंधित स्पा सेंटरों को बंद कर ताले लगाए गए एवं आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई के दौरान चार दर्जन से अधिक पुलिस कर्मी शामिल रहे।



### इन स्पा सेंटरों व बार पर की कार्रवाई

सोमवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने मॉल स्थित स्पा सेंटरों पर की कार्रवाई गई। कार्रवाई थाई, लग्जरी, गोल्डन, रॉयल मेलोडी, 7 हेवन, सिग्नेचर ,डीलक्स, ग्रीन वैली तथा यूनेक्श स्पा सेंटरों पर लगाया गया ताला तथा इंफिनिटी बार मालिक के विरुद्ध पुलिस अधिनियम के अंतर्गत कोर्ट चालानी कार्रवाई की गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक अचानक पुलिस की कार्रवाई से मॉल में अफरातफरी मची रही।

### बार पर नियम उल्लंघन में चालान की कार्रवाई

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने मॉल में स्थित स्पा सेंटरों में जांच के दौरान एक बार में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित बार का 10 हजार का चालान किया। इसके अतिरिक्त टीम ने विभिन्न मामलों में स्पा सेंटरों समेत बार पर 50 हजार रुपए के चालान काटे।

### बार में शराब का सेवन करता मिला किशोर

सोमवार को एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम बड़ी संख्या में पुलिस के साथ माल में पहुंची। पुलिस ने स्पा सेंटर के अलावा बार में चैकिंग करने पहुंची तो वहां पर एक किशोर शराब का सेवन करता मिला। पुलिस को देख किशोर घबरा गया। यूनिट प्रभारी निरीक्षक बसंती आर्या ने पूछताछ के बाद उसके परिजनों को बुलाया। उन्होंने परिजनों को किशोर को सुपुर्द कर चेतावनी दी। बच्चे पर ध्यान दें। किशोर एक निजी स्कूल में पढ़ता है। बार संचालित करने वाले को भी हिदायत दी।

# निजी जमीनों पर वेंडिंग जोन नीति लागू, हल्द्वानी को जाम और अतिक्रमण से मिलेगी राहत

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर की सड़कों पर वर्षों से चली आ रही ठेलों, जाम और अतिक्रमण की समस्या से राहत की उम्मीद जगी है। नगर निगम प्रशासन ने निजी जमीनों पर वेंडिंग जोन विकसित करने की नीति को लागू कर दिया है। इसके तहत अब शहर में निजी भूमि पर बाजार, फूड कोर्ट और चौपाटी विकसित की जा सकेंगी, जिससे व्यवस्थित तरीके से वेंडरों का संचालन संभव हो पाएगा।

नगर निगम से लाइसेंस लेकर ही इन वेंडिंग जोनों का संचालन किया जाएगा। वर्तमान में हल्द्वानी शहर में लगभग 1800 फड़-ठेला वेंडर निगम में पंजीकृत हैं। वेंडिंग जोन निर्धारित न होने के कारण ये वेंडर सड़क किनारे और बाजारों में कारोबार कर रहे थे, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी और अतिक्रमण की स्थिति बनी रहती थी। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नगर निगम ने निजी जमीनों पर वेंडिंग जोन विकसित करने की नीति तैयार की थी। आपत्तियों के निस्तारण के बाद अब इस नीति को लागू कर दिया गया है।

फिलहाल मुखानी, लालडांठ, नहर कवरिंग, रामपुर रोड समेत विभिन्न क्षेत्रों में निजी भूमि पर फूड कोर्ट और वेंडिंग जोन खोलने के लिए 25 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। वेंडिंग जोन, बाजार, फूड कोर्ट और चौपाटी में सीसीटीवी कैमरे, शौचालय और पार्किंग की सुविधा अनिवार्य होगी। इन मानकों को पूरा न करने पर नगर निगम द्वारा लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा।

**100 रुपये से अधिक नहीं ले सकेगा भू-स्वामी:** निजी वेंडिंग जोन में निगम में पंजीकृत वेंडरों से भू-स्वामी प्रतिदिन 100 रुपये से अधिक शुल्क नहीं वसूल सकेगा। अन्य वेंडरों के लिए किराया भू-स्वामी स्वयं निर्धारित करेगा। वेंडिंग जोन के लिए जमीन के आकार की कोई न्यूनतम सीमा तय नहीं की गई है, लेकिन पार्किंग और शौचालय की व्यवस्था अनिवार्य होगी।

**दो स्थानों पर टेंडर प्रक्रिया शुरू:** नगर निगम ने मंगलपड़ाव में ऑटो स्टैंड और मंडी बाईपास मार्ग पर वेंडिंग जोन विकसित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। जल्द ही इन स्थानों पर भी ठेले लगाए जा सकेंगे।

नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि निजी वेंडिंग जोन में 25 प्रतिशत ठेले नगर निगम में पंजीकृत वेंडरों के लिए आरक्षित होंगे, जिनका किराया साधारण रहेगा, जबकि शेष 75 प्रतिशत ठेलों का किराया भूमि स्वामी द्वारा तय किया जाएगा।

# भाजपा मंडल के नवनियुक्त मोर्चों के अध्यक्षों का हुआ स्वागत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल भाजपा मंडल के नवनियुक्त मोर्चों के अध्यक्षों का स्वागत कार्यक्रम सोमवार को नैनीताल कलब में आयोजित किया गया, जिसमें मुखयातिथि जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट ने सभी नवनियुक्त अध्यक्षों (युवा मोर्चा) रितुल कुमार,(महिला मोर्चा) अमिता साह,(किसान मोर्चा) मयंक पंत,(अनुसूचित0 मोर्चा) हेमंत बेदी,(अल्पसंखयक मोर्चा) मनसंजोक सबरवाल एवं (ओबीसी मोर्चा) रोहित थापा को माला पहनाकर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट जी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि हमें सामूहिक रूप से संगठन की मजबूती के लिए कार्य करते हुए संगठन की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाते हुए संगठन को आगे बढ़ाना है ।विधायक सरिता आर्या ने कहा कि भाजपा संगठन की कार्यशैली एवं सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के बल पर उत्तराखंड में पुन: 2027 के विस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने सभी नवनियुक्त मोर्चों के मंडल अध्यक्षों को संगठन की रीति नीति के अनुसार आगामी कार्यक्रमों हेतु निर्देशित करते हुए सभी नवनियुक्त मोर्चों के अध्यक्षों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य समेत समेत जिले,मंडल के पदाधिकारी व कई पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## पुलिस ने रामपुर निवासी को दबोचा, एनडीपीएस के आरोपी को शरण देने का आरोप

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस ने एनडीपीएस के मामले में फरार आरोपी को शरण देने के आरोपी रामपुर निवासी एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक पिछले दिनों चौकी बाजार क्षेत्र सुभाष कालोनी में स्मैक की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई के लिए पहुंची पुलिस पर पथराव किया था।

# देवखड़ी नाला अतिक्रमण मामले में हुई हाईकोर्ट में सुनवाई

नैनीताल

हमारे संवाददाता

हल्द्वानी के देवखड़ी नाला में हुए अतिक्रमण के मामले में मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिए कि अभी तक हुई जन सुनवाई को लेकर दो सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट कोर्ट में पेश करें साथ ही मामले से जुड़े दस्तावेज और राजस्व रिकॉर्ड भी अदालत में पेश करें। न्यायमित्र अधिवक्ता आदित्य प्रताप सिंह की ओर से अदालत को बताया गया कि अभी तक तीन जन सुनवाई हो चुकी हैं, विगत दो फ रवरी को अंतिम जन सुनवाई हुई है। सभी लोगों को सुनवाई का मौका दिया गया है।

इसके बाद अदालत ने सरकार को निर्देश दिए कि वह दो सप्ताह में अनुपालन रिपोर्ट पेश करें, यही नहीं कोर्ट ने संबंधित सभी दस्तावेज और राजस्व रिकॉर्ड भी मुहैया कराने को कहा है। सुनवाई के दौरान कुछ अतिक्रमणकारियों की ओर से कहा गया कि प्रशासन अतिक्रमण हटाने को लेकर उनके खिलाफ कठोर कदम उठा सकता है। न्यायमित्र अधिवक्ता की ओर से कहा गया कि अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किये गये हैं लेकिन उन्हें हटाने को लेकर फि लहाल कोई ठोस क़दम नहीं उठाया जाएगा। अदालत ने न्यायमित्र अधिवक्ता के वक्तव्य को रिकार्ड में दर्ज कर लिया है।

# भवाली में भाजपाईयों ने किया पालिका दफ्तर में प्रदर्शन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के भवाली में नाबालिग बच्ची से दुराचार के आरोपी के खिलाफ सखत कार्रवाई की मांग को लेकर सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पालिका के एक सभासद पर पाकिस्तानी कनेकशन लैंड जिहाद और लव जिहाद जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।



भाजपा की निवर्तमान प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा ने कहा कि पालिका की मिली भगत से सरकारी जमीनों पर कबजा कर क्षेत्र की डेमोग्राफ ी और जनसांखियकी को लगातार बदलने का प्रयास किया जा रहा है वहीं भाजपा नेता प्रकाश आर्या ने आरोप लगाया कि पालिका के एक वर्तमान सभासद जिनके रिश्तेदार पाकिस्तान में हैं विशेष समुदाय के लोगों को टमट्यूड़ा तथा रेहड़ क्षेत्र में बसाने का काम कर रहे हैं उन्होंने मस्जिद की भूमि की भी जांच कराने की मांग की और कहा कि तथाकथित लोग लैंड व लव जिहाद में संलिप्त हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष हिमांशु बिष्ट ने जमीनों की खरीद फरोखत में पालिका प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि अवैध भूमि पर बिजली.पानी के कनेकशन के लिए एनओसी पालिका की मिलीभगत से ही दी जा रही है। भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट ने आरोप लगाया कि विशेष समुदाय द्वारा अवैध भूमि पर बनाए गए मकानों का असेसमेंट भी कर दिया गया है वहीं अधिवक्ता शिवांशु जोशी ने पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरोपी के अवैध निर्माण पर तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक मामले में पालिका के अधिशासी अधिकारी सुधीर कुमार ने बताया कि जांच के लिए एक कमेटी गठित कर दी गई है जो 15 दिनों में रेहड़ तथा टमट्यूड़ा क्षेत्र में हुए अवैध निर्माणों पर अपनी विस्तृत रिपोर्ट देगी रिपोर्ट मिलने के बाद प्रशासन के सहयोग से क्षेत्र में हुए अवैध निर्माण पर कार्रवाई की जाएगी। प्रदर्शन के दौरान मंडल उपाध्यक्ष शुभम कुमार, महामंत्री अमित पांडेय, गौतम मटियाली, राजेंद्र रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष कंचन साह, हिमांशु रावत, उज्वल चंद्रा, वैभव आनंद, रेहान, आयुष कुमार तथा विद्या पढ़ालनी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।